वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 93 सोमवार 31 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राजस्थान की राजनीति में बहुत संघर्ष करना पड़ा, कभी डरी नहीं: वसुंधरा राजे



**जयपुर. कासं**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि मैं जब राजस्थान की राजनीति में आई तब मुझे भी बहुत संघर्ष करना पड़ा, जो आज भी कम नहीं हुआ है। उस समय भी संघर्ष करना पड़ा था। आज भी संघर्ष करना पड़ रहा हैं। अगर मैं डरकर घर पर बैठ जाती तो यहां तक नहीं पहुंचती। राजे इनाया फाउंडेशन की ओर से आयोजित ''वूमन ऑफ वंडर अवार्ड-2023'' को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि बड़े पदों पर पहुंचने वाले लोगों को संघर्ष नहीं करना पड़ता हैं। जो संघर्ष आप लोगों ने किया हैं। वैसा ही संघर्ष जब मैं पहली बार राजस्थान की राजनीति में आई तो मुझे भी करना पड़ा था। जो आज भी जारी हैं। उन्होंने कहा जब मैं राजस्थान की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी तो लोगों ने कहा था कि ठीक है तुम भी क्या करोगी। यह पुरुष प्रधान प्रदेश हैं। लेकिन उस समय मेरी ताकत यहां की महिलाएं बनी। उन्हीं की वजह से मैं यहां खड़ी हूं। राजे ने कहा दुनिया में सबसे बड़ा संविधान भारत का है। जिसमें महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए गए हैं। इसके बावजूद महिलाओं को अपने ही अधिकारों के लिए लड़ना पड़ रहा है। आज भी उनकी जिंदगी से जुड़े अहम फैसले पुरुष ही ले रहे हैं।

## भले ही महिलाएं खुश हो लें, लेकिन सदन में प्रतिनिधित्व कम



वसुंधरा राजे ने कहा कि भले ही महिलाऐं खुश हो लें कि आजादी के 75 सालों में महिलाएं अंतरिक्ष पर पहुंच गई। फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। ओलंपिक में पदक जीत रही हैं। राष्ट्रपति बनकर देश की बागडोर संभाल रही हैं। चंद्रयान-3 लैंडिंग की जिम्मेदारी 'रॉकेट वुमन' ऋतु करिधाल को सौंपी गई है। पर वास्तव में यह संख्या महिलाओं की आबादी का अंश मात्र है। महिलाओं का प्रतिनिधित्व लोकसभा में 15, राज्यसभा में 14 और राजस्थान विधानसभा में साढ़े 13 प्रतिशत है, जो बेहद कम है। जबकि साइकिल के दोनों पहियों की तरह समाज का संतुलन पुरुष और महिला पर टिका है, जिनकी बराबर भागीदारी से ही देश विकसित होता है।

## मुस्लिम महिलाओं के हक में मोदी सरकार ने लिया फैसला

राजे ने कहा हमारी मुस्लिम बहनें आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताती हैं कि उन्होंने तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म कर उनके हक में फैसला लिया। मोदी सरकार द्वारा हज नीति में लाए गए अनेकों बदलावों के कारण हज यात्रा सुगम हुई है और इससे मुस्लिम महिलाओं को विषेश लाभ मिला है। जिसका आज उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में जिक्र भी किया था। उन्होंने कहा बीते 9 वर्षों में महिलाओं के जीवन में जो सुखद बदलाव आया है, उससे साबित होता है कि मोदी सरकार महिलाओं की बेहतरी के लिए तत्परता से खड़ी है। वहीं हमारी सरकार ने प्रदेश में जो जनहित के काम किए, वह समाज कल्याण की भावना भी भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से ही प्रेरित थी।

# जैन मिलन कर रही है देशभर में समाज हित के कामः राकेश कासंल

## थूवोनजी कमेटी व गौशाला कमेटी को किया सम्मानित

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जैन मिलन द्वारा शान्ति नगर स्थित जैन भवन में एक समारोह का आयोजन नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया के आतिथ्य में किया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि जैन मिलन देश भर में काम कर रही है अशोक नगर के पुराने जिले को व हमारे नगर को देश में एवं अंचल में नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला है ।आज पूरे अंचल का संचालन हमारे नगर के नरेश द्वारा किया जा रहा है। अशोक नगर जैन मिलन में इतने अच्छे कार्यकर्ता हैं जिनके कारण हमारे नगर को सर्वश्रेष्ठ शाखा का सम्मान मिला ।आज उन्होंने जो सम्मान समारोह रखा उसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। सामाजिक क्षेत्र में जैन मिलन की भूमिका प्रशंसनीय है।सम्मान समारोह में नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आज मुझे हमारे अपने साथियों द्वारा सम्मानित करने पर खुशी हो रही है कल जब दिल्ली से फोन आया कि अशोक नगर का जिला संयोजक जैन समाज से बनाना है और मुझे ये दायित्व पार्टी ने सौंपा तो वह समाज के कारण ही मिला आज नपा की जिम्मेदारी भी पार्टी ने मुझे इसी आधार पर दी तो हम भी सहयोग करें यही आप सब से निवेदन करुंगा इसके पहले अतिथियों ने संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया।

## जैन मिलन की मुख्य शाखा पहल सराहनीय

इस दौरान मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि जैन मिलन की मुख्य शाखा समाज की मुख्य धारा में मिलकर मनोज भोला के नेतृत्व बहुत अच्छा काम कर रही है युवाओं को आगे लाने की पहल सराहनीय है समाज मंत्री राकेश अमरोद ने कहा जैन एकता के लिए जैन मिलन के प्रयास सराहनीय है विपिन सिंघई ने कहा कि सब के साथ मिलकर काम करने की कला जैन मिलन के पास है दिनेश मैदपुर ने कहा कि हम फैसन के साथ नहीं अपनी संस्कृति के साथ चले क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि पूरे अंचल में पचास से अधिक शाखाएं काम कर रही है जो अहिंसा के सन्देश को आगे ले जा रही है ।

## पंचायत कमेटी का किया सम्मान

इस दौरान नव निर्वाचित पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल समाज के महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री विपिन




सिंघाई मंत्री विनोद मोदी मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा गौशाला अध्यक्ष दिनेश मैदपुर मंत्री प्रसुन प्रमोद मंगल दीप कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची सहित सभी नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों का सम्मान पंखड़ी माला तिलक लगाकर जैन मिलन के अध्यक्ष मनोज भोला मंत्री प्रवीण जैन चन्देरी संजय गीतगंगा संजीव महावीर टी सुनील वेलई पवन करइया धनकुमार रोहित सिघई हेमंत टडैया मनीष सिघई श्रेयांस घेला अजित वरोदिया सुलभ अखाई संजय केटी आदि ने किया इस दौरान अरविंद कचंनार संजीव भारिल्ल मनीष वरखेडा मनोज भैसरवास प्रदीप तारई सहित अन्य लोग विशेष रूप से उपस्थित थे संचालन जैन युवा वर्ग संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर व नितिन बज ने किया।

# डायमंड ग्रुप का मानव सेवार्थ कार्यक्रम संपन्न हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के स्थापना दिवस पर मानव सेवार्थ पखवाड़ा के अंतर्गत प्रमोद सोनल जैन अध्यक्ष व रमेश सन्जना छाबड़ा सचिव DJSG DIAMOND ने बताया कि डायमन्ड ग्रुप द्वारा आज दिनांक 30 जुलाई 2023 रविवार को निशक्तजन बच्चों को उनके आश्रय स्थल पर पहुंच कर भोजन कराया। यह कार्यक्रम मानसरोवर स्थित अपना घर की डायरेक्टर दक्षा पाराशर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ । भोजन कराने के बाद डायमंड ग्रुप के सभी मेम्बरो ने जो अपने साथ गिफ्ट , कपड़े , स्टेशनरी लाए थे सभी बच्चों को अपने हाथों से प्रदान की । इस कार्य में प्रमोद सोनल जैन, रमेश छाबड़ा, सुरेश आभा गंगवाल, अनिल प्रिया, सुवर्त प्रीति , मनोज अमिता, व बच्चों का योगदान प्रमुख रहा। साथ ही वहां डायरेक्टर से बात करने पर मालूम हुआ कि इनकी एक ब्रांच रेनवाल में 100 बच्चों के लिए तैयार हो रही है अभी निर्माण कार्य चल रहा है । डायमंड के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने जितनी भी लाइट लगेगी देने की घोषणा की अंत में एस के आभा गंगवाल ने आए हुए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया ।

# डा पीयूष त्रिवेदी नई दिल्ली में सम्मानित




**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** आज नई दिल्ली स्थित वेलकम पंच सितारा होटल द्वारका में एमिनेंट मेडिकल शोध संस्थान दिल्ली द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश विदेश से विभिन्न पद्धतियों के ख्याति प्राप्त लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लिया राजस्थान से डॉक्टर पीयूष त्रिवेदी को बेस्ट एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट अवार्ड फिल्म अभिनेता शोयल खान द्वारा प्रदान किया गया। यह अवार्ड उनको स्लिप डिस्क रोग में बिना ऑपरेशन माइक्रो एक्यूप्रेशर तकनीक से रोगियों की सफल चिकित्सा लाभ देने हेतु प्रदान किया गया।

# महारानी फार्म में वृक्षारोपण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महारानी फार्म दुर्गापुरा स्थित रघु विहार कॉलोनी के पार्क में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाएंगे, एवं कॉलोनी वासियों ने लगाए गए पेड़ों को संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रघु विहार विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, महासचिव सत्यनारायण शर्मा, उपाध्यक्ष एम.के. जैन, एम.एस. जोहरी, सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती बीना टोंग्या, कार्यकारिणी सदस्य सुनील जैन, सुरेंद्र जोहरी, श्रीमती बेला अग्रवाल, परामर्श के. एल.लड्ढा, आर सी शर्मा कोषाध्यक्ष , बी एस अग्रवाल, बी.सी. जैन, के.एन. गुप्ता, अनिल कुमार टोंगिया, सुरेश चंद जैन, एस.एस. राजावत , श्रीमती मीनू जैन संयुक्त सचिव विनय चंद सोंखिया एवं अन्य कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# "राजस्थान मुद्रांक एवं पंजीयन विधियां" पुस्तक का लोकार्पण



**जयपुर।** RAS Club जयपुर में RAS भगवत सिंह राठौड़, अति. महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक एवं उमेश जोशी Retd. AAO द्वारा लिखित पुस्तक "राजस्थान मुद्रांक एवं पंजीयन विधियां" का विमोचन एवं लोकार्पण किया गया।RAS क्लब में आयोजित गरिमामय समारोह में पुस्तक का लोकार्पण, IAS रामेश्वर सिंह, अध्यक्ष राजस्व मंडल, IAS के.के. पाठक, शासन सचिव वित्त (राजस्व), शासन विशिष्ठ सचिव IAS नरेश उनरान, IAS महावीर प्रसाद निबंधक एवं महानिरीक्षक राजस्व मंडल, IAS पवन अरोड़ा, कमिशनर हाउसिंग बोर्ड एवं क्रस् गौरव बजाड़ द्वारा किया गया।इस अवसर पर पूर्व IAS जी.एस. कुशवाहा, धर्मेन्द्र भटनागर, IAS अरुण गर्ग, IAS टीकम चंद बोहरा, IAS शरद मेहरा, RAS शाहीन अली, RAS पंकज ओझा, RAS विनोद पुरोहित, RAS जी.एस. राठौड़ आदि के साथ अनेक अधिकारी उपस्थित रहे एवं तहसीलदार सेवा के अधिकारीगणों द्वारा गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की गई। इस अवसर पर राजेन्द्र बाफना भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन RAS राजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया।पुस्तक का प्रकाशन बाफना पब्लिकेशन द्वारा किया गया एवं पारस बाफना द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।इस अवसर पर भगवतसिंह राठौड़ द्वारा बताया गया कि राजस्थान में पूर्व के स्टाम्प एक्ट से संबंधित सभी नियम एवं न्यायालयों के प्रमुख-प्रमुख निर्णय एक स्थान पर नहीं थे इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारियों को इससे संबंधित कानूनों, नियम, परिपत्र, विभिन्न न्यायालयों के प्रमुख सभी निर्णयों को एक ही साथ लिपिबद्ध किया गया जो सभी के लिए समान रुप से उपयोगी होगी।अध्यक्ष राजस्व मंडल IAS राजेश्वर सिंह द्वारा इस शानदार पुस्तक की प्रस्तुति की सराहना की गई एवं इस पुस्तक की विषय वस्तु के उपयोगी होने हेतु विचार व्यक्त किंए गए। अन्य महानुभावों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किंए।

# श्री शिव महापुराण कथा के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री गोविन्द देव जी मंदिर के संत्संग भवन में आगामी 21 से 27 अगस्त तक होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के पोस्टर का विमोचन भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्र शेखर ने किया। इस मौके पर कुमारी ज्योति फलवाड़िया प्रदेश अध्यक्ष सदगुरु धाम ट्रस्ट , राकेश गर्ग, जुगल आमेरियां, गोविंद अग्रवाल कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 21 अगस्त से रोजाना दोपहर 2 से 5 बजे तक आचार्य सतीश सदगुरु नाथ महाराज शिव कथा सुनाएंगे।

# जनता कॉलोनी के जनोपयोगी भवन में श्रीराम कथा

## राम विवाह एक आदर्श विवाह है: पुरुषोत्तम शरण महाराज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनता कॉलोनी स्थित जनोपयोगी भवन में चल रही रामकथा में रविवार को सियाराम विवाह जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालु राम बने दूल्हा और सीता बनी है दुल्हनिया...राम सिया के विवाह की शुभ घड़ी है। जैसी भजनों की स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कथा प्रसंग के तहत रामजी विवाह के तहत राम बारात व जानकी विवाह महोत्सव आदि प्रसंगों की परम पूज्य पुरुषोत्तम शरण महाराज ने विवेचना की। इस मौके पर व्यासपीठ से परम पूज्य पुरुषोत्तम शरण महाराज ने कहा कि राम विवाह एक आदर्श विवाह है। तुलसीदास ने राजा दशरथ, राजा जनक, राम व सीता की तुलना करते हुए बताया है कि ऐसा समधी, ऐसा नगर, ऐसा दुल्हा, ऐसी दुल्हन की तीनों लोक में कोई बराबरी नहीं हो सकती। उन्होंने राम विवाह के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि राजा जनक ने अपनी बेटी के लिए स्वयंवर रचाया। उन्होंने एक प्रतिज्ञा रखी कि जो शिव पिनाक को खंडन करेगा वो सीता से नाता जोड़ेगा। उस धनुष को तोड़ने के लिए कई राजा व राजकुमार पहुंचे लेकिन सभी विफल रहें। ऐसे में राजा जनक ने सभा में कहा कि आज धरती वीरों से विहीन हो गई है, सभी अपने घर जाएं। इसके बाद लक्ष्मण को क्रोध आया और उन्होंने कहा कि अगर श्रीराम की आज्ञा हो तो धनुष क्या, पूरे ब्रह्मांड को गेंद की तरह उठा लूं। उन्होंने आगे कहा कि धनुष अहंकार का प्रतीक है व राम ज्ञान का प्रतीक। जब अहंकारी व्यक्ति को ज्ञान का स्पर्श होता है तब अहंकार का नाश हो जाता है। श्रीराम में वो अहंकार नहीं था और उन्होंने धनुष उठाया और उनका विवाह सीता से हुआ। श्रीराम विवाह में दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। कथा प्रसंग के तहत आकर्षक झांकी सजाई गई,जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। कथा के प्रारंभ व अंत में मुख्य आयोजक गोरधन बड़ाया ने परिवार सहित रामकथा की पूजा की व आरती उतारी।

## वेद ज्ञान

# भावनाएं जीवन का आधार

भावनाएं जीवन का आधार होती हैं। हम सब भावनाओं से ही संचालित होते हैं। खुशी, संतोष, प्रेम-घृणा, क्रोध-क्षमा इत्यादि हमारी भावनाएं ही हैं, लेकिन हम अपने अंदर कैसी भावनाओं को आत्मसात करते हैं यह हम पर निर्भर करता है। तुलसीदास जी कहते हैं कि जिसकी जैसी भावना होती है, वह वैसी मूरत को देखता है। यानी देखने वालों के लिए मूर्ति पत्थर का टुकड़ा भी हो सकती है, जबकि जिनकी भावनाओं में भगवान हैं तो उसे उसमें भी भगवान नजर आएंगे। मनुष्य की जैसी भावना होगी वैसी उसकी सोच बनेगी और जैसी सोच होगी वैसा ही उसे नजर आएगा। पवित्र और निर्मल भावना जीवन के विकास का उज्ज्वल मार्ग प्रशस्त करती है, जबकि नकारात्मक भावनाएं राह में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। यदि हम दूसरों के बारे में अच्छा सोचेंगे-अच्छा करेंगे तो वे भी हमारे बारे में अच्छा सोचेंगे-करेंगे। विज्ञान के अनुसार हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। अब हमारी क्रिया अच्छी होगी तो उसके हमें अच्छे नतीजे ही मिलेंगे। इस बात से भी नहीं घबराना चाहिए कि हम किसी के लिए अच्छा करें, लेकिन क्या गारंटी है कि सामने वाला भी हमारा अच्छा करे? ऐसे मौके पर आपके दिमाग में यही बात होनी चाहिए कि नेकी कर दरिया में डाल। सामने वाले को उसके विवेक पर छोड़ दो। एक व्यक्ति एक गांव में पहुंचा। वहां एक बुजुर्ग से उसने पूछा, इस गांव के लोग कैसे हैं? क्या मैं यहां रुक जाऊं? बुजुर्ग ने उससे पूछा, जहां से तुम आए हो वहां के लोग कैसे थे? उस व्यक्ति ने कहा, वहां के लोग अच्छे नहीं थे, क्योंकि वे हमेशा लड़ते-झगड़ते थे। बुजुर्ग ने कहा, यहां के लोग तो और बुरे हैं। तुम यहां भूलकर भी मत आना। कुछ देर बाद एक और व्यक्ति वहां आया और उसने भी उस बुजुर्ग से वही पूछा, इस गांव में लोग कैसे हैं? क्या मैं यहां रुक जाऊं? बुजुर्ग ने भी वही पूछा, जहां से तुम आए हो वहां के लोग कैसे थे? उस व्यक्ति ने कहा, वहां के लोग बहुत अच्छे थे, सरल हृदय और प्रेम करने वाले थे। बुजुर्ग ने उससे कहा, यहां के लोग और भी अच्छे हैं, तुम रुक जाओ। इस संदर्भ में संत कबीरदास जी कहते हैं कि बुरे व्यक्ति की खोज में निकला था, लेकिन मुझे कहीं कोई बुरा नहीं मिला।

## संपादकीय

# हादसों की पटरियां ले रही हैं कई जानें

देश में रेल सेवाओं के आधुनिकीकरण और उसे बेहतर बनाने के लगातार प्रयासों के बीच अगर हादसों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है तो निश्चित रूप से यह चिंता की बात है। हालांकि कई स्तरों पर सुधार की वजह से रेल दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की जा रही है, लेकिन अब भी ऐसे हालात बने हुए हैं जिसमें बालासोर हादसे जैसी त्रासद घटना सामने आ जाती है। इसके अलावा, देश भर में रेल पटरियों पर छोटे-बड़े हादसे अक्सर होते रहते हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने यह जानकारी दी कि 2014 से 2023 के दौरान हर वर्ष औसतन एकहत्तर रेल दुर्घटनाएं हुईं। यह स्थिति तब है जब सरकार की ओर से रेल सेवाओं में बेहतरी के लिए आधुनिक और तकनीकी पहलू से हर स्तर पर काम करने का दावा किया गया और सुविधाओं से लेकर रफ्तार तक के मामले में नए मानक गढ़ने का भरोसा दिया गया। हालांकि यह कहा जा सकता है कि 2014 से पहले के दस वर्षों की अवधि में हुई रेल



दुर्घटनाओं के मुकाबले बाद के इन वर्षों में हादसों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई। लेकिन इसके बावजूद मौजूदा तस्वीर को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।यों रेलपथ, सिग्नल प्रणाली और इंजन आदि में कई स्तर पर सुधार, संरक्षा कार्य और उनके नवीनीकरण और उन्नयन के लिए राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष का सृजन करने की पहल हुई है। लेकिन यह भी सही है कि देश में जितनी भी रेल दुर्घटनाएं होती हैं, उनके मुख्य कारणों में इसी मोर्चे पर मौजूद खामियां होती हैं, जिन्हें समय पर या दुरुस्त नहीं किया जाता है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मानवीय विफलताओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को समाप्त करने के लिए इस साल मई तक छह हजार चार सौ सत्ताईस स्टेशनों पर सिग्नल और प्वाइंट के केंद्रीकृत परिचालन वाली इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, ग्यारह हजार तेंतालीस समपार फाटकों पर इंटरलाकिंग का इंतजाम किया गया है। लेकिन करीब दो महीने पहले बालासोर में तीन ट्रेनों के आपस में टकरा जाने का जो भयानक हादसा हुआ था, उसमें शुरूआती तौर पर यांत्रिक गड़बड़ियों और मानवीय त्रुटियों को ही जिम्मेदार बताया गया था। जाहिर है, संसाधनों की व्यवस्था के साथ-साथ उसके उपयोग के मामले में भी जरूरी प्रशिक्षण और सजगता सुनिश्चित करने की जरूरत है। यह जोर देकर बताया जाता है कि ट्रेनों की रफ्तार को बढ़ाया जाएगा। कई मामले में ऐसा संभव भी हो सका है। लेकिन यह पहलू भी ध्यान रखने की जरूरत है कि पटरियों की गुणवत्ता और आयु के मुताबिक उस पर बोझ हादसों की स्थितियों को प्रभावित करते हैं। रखरखाव या प्रबंधन और निगरानी के मामले में बहुत मामूली चूक किसी तेज रफ्तार ट्रेन के हादसे को ज्यादा भयावह रूप दे सकती है। इसी तरह, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टक्कर-रोधी प्रणाली के विस्तार की गति अभी बहुत धीमी है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# पाइरेसी का जाल

हमारे देश में चाहे भी कोई क्षेत्र हो, नकली का कारोबार उभर ही आता और फलना-फूलना शुरू कर देता है। इस पर नकेल कसने की कोशिशें की जाती हैं, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पातीं। फिल्म निर्माता लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि उनकी फिल्मों की अनधिकृत प्रतियां बना कर बेचने यानी पाइरेसी का धंधा करने वालों पर नकेल कसने के लिए कड़ा कानून बनाया जाए। हालांकि पाइरेसी के खिलाफ पहले से कानून था, मगर उसका असर नक्कालों पर नहीं पड़ रहा था, इसलिए इसे और कड़ा करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। आखिरकार चलचित्र (संशोधन) विधेयक 2023 ध्वनिमत से राज्यसभा में पारित हो गया। इसमें फिल्मों के प्रमाणन की प्रक्रिया को भी आसान बनाने का प्रावधान किया गया है। दरअसल, एक अनुमान के मुताबिक पाइरेसी की वजह से फिल्म उद्योग को हर साल बीस हजार करोड़ रुपए का नुकसान होता है। इसलिए इसे लेकर चिंता स्वाभाविक थी। फिल्मों की नकली प्रतियां बना कर बेचने वाले इसका कारोबार दूसरे देशों में भी करते हैं। जिस दिन फिल्म जारी होती है, उसके अगले ही दिन दूसरे देशों में उसकी प्रतियां बिकनी शुरू हो जाती हैं। फिल्म निर्माता चूंकि पहले अपनी फिल्में सिनेमाघरों में जारी करते हैं, उसके कुछ दिन बाद इंटरनेट से जुड़े माध्यमों पर पेश करते हैं। इसके लिए बिक्री का एक तंत्र है। मगर जो दर्शक बाहर के देशों में हैं और वहां उन्हें सिनेमाघरों में वह फिल्म देखने को नहीं मिलती और तुरंत फिल्म देखना चाहते हैं, वे फिल्मों की नकली प्रतियों के बड़े खरीदार होते हैं। हालांकि नकली प्रतियां बनाने का धंधा केवल फिल्मों तक सीमित नहीं है। किताबों, कलाकृतियों आदि की नकली प्रतियों का कारोबार भी बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। सड़कों पर प्रसिद्ध और चर्चित लेखकों की किताबें सस्ते दामों पर बेचते लोग दिख जाते हैं। चूंकि विदेशों में छपी किताबों की कीमत भारतीय रुपए में बहुत अधिक होती है, जिससे आम पाठक के लिए खरीदना संभव नहीं हो पाता, इसलिए वे नकली प्रतियों के प्रति आकर्षित होते हैं। चर्चित चित्रकारों की तस्वीरों की नकली प्रतियां बनाने वालों का गिरोह तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। इस तरह पाइरेसी के धंधे पर नकेल कसने की जरूरत न केवल फिल्मों, बल्कि हर तरह के रचनात्मक कामों पर महसूस की जाती है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक साजो-सामान की नकल का भी एक बड़ा कारोबार है। किसी भी साफ्टवेयर की नकली प्रति बना कर बाजार में बहुत सस्ती दर पर उपलब्ध करा दिया जाता है। इसका बहुत बड़ा बाजार है। दरअसल, जब भी कोई रचना तैयार होती है, चाहे वह फिल्म हो, किताब हो, कलाकृति हो या संगीत की कोई रचना हो, उसमें एक रचनाकार की मौलिक प्रतिभा लगी होती है, जिसकी रक्षा के लिए दुनिया भर में कापीराइट कानून लागू हैं। ये कानून अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग समान भी हैं। ऐसे में नकली प्रतियां बनाना उस कानून का सरासर उल्लंघन है। कापीराइट कानून के तहत किसी कृति के किसी अंश का बिना इजाजत और बिना भुगतान किए व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर भी दंड का प्रावधान है। मगर नक्कालों को इसकी कहां परवाह! उनका तंत्र अब इतना जटिल रूप में फैल चुका है कि कई बड़े अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह इस धंधे को संचालित करते देखे गए हैं।

# डिजिटल मार्केटिंग डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स का लॉन्चिंग प्रोग्राम आयोजित



**शाबाश इंडिया**

दीपशिखा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (मानसरोवर) एंड EDRUPT ASSURED CAREER इन डिजिटल मार्केटिंग मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में आज डिजिटल मार्केटिंग डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स का लॉन्चिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक बहुत ही सार्थक पहल है ताकि वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ इस कोर्स को ज्वाइन कर अपने करियर को एक नया आयाम दे सकते हैं और एक बेहतर जॉब जो उनके विदेश में नौकरी के सपने ऑस्ट्रेलिया व इंडिया में भी साकार किए जा सकते हैं। आज दीपशिखा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी मानसरोवर में प्रेम सुराणा चेयरमैन दीपशिखा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस एवं वरिष्ठ पत्रकार V. B. Join मीडिया अध्यक्ष जनशक्ति विकास फाऊंडेशन ने सभी को संबोधित कर सभी का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के आदर्श नगर विधानसभा के संयोजक मीडिया प्रभारी एवं प्रमुख समाजसेवी प्रमोद जैन का स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# बंधन ग्रुप द्वारा प्रदर्शनी 3-4 अगस्त को भट्टारक जी की नसिया में




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर के बंधन ग्रुप द्वारा आगामी माह 3 व 4 अगस्त,2023 को महिलाओं द्वारा स्व रोजगार हेतु राखी के त्यौहार से संबंधित उत्पादों की बिक्री एवम प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके पोस्टर का विमोचन जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा द्वारा किया गया। बंधन ग्रुप द्वारा यह प्रदर्शनी दिनाक 3 एवम 4 अगस्त को भट्टारक जी की नसिया जी जयपुर में, दिनांक 11 एवम 12 अगस्त को दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर जयपुर में एवम दिनांक 18 एवम 19 अगस्त को दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 3, मालवीय नगर जयपुर में आयोजित की जा रही है। सांसद रामचरण बोहरा ने इस प्रदर्शनी के आयोजकों को प्रदर्शनी की सफलता की अग्रिम बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सांसद बोहरा ने महिलाओ एवम पुरुषो को आव्हान किया की इस प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर महिलाओ एवम आयोजकों का उत्साह वर्धन करे।

# वॉइस ऑफ जे एस जी के सेमीफाइनल की तैयारी शुरू



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नॉर्दन रीजन के तत्वावधान में होने वाले वॉइस ऑफ जे एस जी के सेमीफाइनल की तैयारियों को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए नॉर्दन रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी ने बताया कि इस मीटिंग में सेमी-फाइनल में पहुंचे प्रतिभागियों ने भी शिरकत की। मुख्य संयोजक डॉ राजीव जैन के अनुसार जैन सोशयल ग्रुप अरिहंत सेमी -फाइनल की मेजबानी करेगा जिसमें 15 प्रतियोगी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पवन जैन और सुदेश गोदिका भी मौजूद रहे।

# लीनेस क्लब स्वरा द्वारा भोजन वितरण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लीनेस क्लब स्वरा द्वारा नवजीवन कुष्ठ आश्रम में भोजन और मिठाइयों का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए क्लब की सलाहकार अंजू जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के पुण्य अर्जक स्विट्जरलैंड निवासी मेघना -आशीष रहे। क्लब की अध्यक्ष स्वाति जैन और सचिव मोना जैन ने बताया कि क्लब द्वारा इस तरह के सामाजिक सरोकार के आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर रतन कुमार, रंजू जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान के लिए प्रविष्टियां मांगी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जन मंच वं परमार्थ एवं अध्यात्मिक समिति तत्वाधान में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आगामी 20 अगस्त को एमआई रोड स्थित चैम्बर भवन में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर हुई बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई। संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी आर.के. अग्रवाल, श्याम विजय, अभय नाहर आदि ने यह निर्णय लिया। समारोह के लिए ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने एग्जाम में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं या 90प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त के साथ राज्य स्तर पर स्काउट, एनएसएस, एनसीसी, आदि क्षेत्र में योगदान दिया है,वे विद्यार्थी 5 अगस्त तक पक्षी चिकित्सालय,13-I, प्राकृत भारती, केलगिरी रोड, मालवीय नगर में प्रविष्ठियां जमा करा सकते है।

# डॉ.कांता मीना ने काव्य संग्रह कैलाशी व तरुशिखा की प्रतियां भेंट की



जयपुर. शाबाश इंडिया। शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर राजस्थान के अतिरिक्त निदेशक आरएएस अशोक कुमार मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी बीकानेर आरएएस हरिसिंह मीना, नगर निगम बीकानेर आयुक्त आरएएस केसर लाल मीना, आकाशवाणी केंद्र बीकानेर के प्रमुख अमित सिंह , सूर्य प्रकाशन मंदिर बीकानेर के निदेशक डॉ. प्रशांत बिस्सा को अपनी दोनों पुस्तकें कविता संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा की प्रतियां संप्रेम भेंट की। इस दौरान सभी ने दोनों कृतियों के प्रकाशन पर डॉ. मीना को बधाई एवं शुभकामनाएं दी व हौसला अफजाई की और कहा की आप निरंतरता बनाएं रखे। इस मौके पर शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद भी मौजूद रहे।

# गॉर्जियस लेडीज ग्रुप द्वारा सावन उत्सव मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया। नेमी सागर कालोनी की दिगंबर जैन गॉर्जियस लेडीज ग्रुप की महिलाओं द्वारा सावन की फुहारो के बीच सावन उत्सव मनाया गया। शहर के नजदीक एक रिसोर्ट में महिलाओ ने सावन मास में तरणताल एवं रैन डांस तथा विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक मंजू सेठी, पिंकी कासलीवाल, कविता सेठी, मंजू भानगाडियां, अर्चना निगोतिया, मंजू पांड्या व जैना गंगवाल थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर नीतू जैन, आदिनाथ ई एन टी हॉस्पिटल रही। दीपिका गंगवाल द्वारा हाउसी, तेरी मेरी यारी , अंताक्षरी व अन्य खेल कराए गए, जिसमे पूजा जैन व नमिता ठोलिया विजेता रहीं । आयोजन का शुभारम्भ प्रेम गोधा, बबिता जैन, पूजा जैन आदि द्वारा पार्श्वनाथ स्तुति के साथ किया गया। सर्वोत्तम सास बहू जोड़ी में बेला जैन व निमिषा जैन विजेता रहीं तथा हंसमुख देवरानी जेठानी का पुरस्कार कुसुम पहाड़िया व नमिता पहाड़िया को मिला। अंताक्षरी के लिए बीना बड़ज्यात्या, सुनीता पहाड़िया, मधु जैन व अन्य ने समां बांधा। सभी विजताओ को मुनिया छाबड़ा, संतोष बाकलीवाल, स्वर्ण लता सोगानी, बबिता जैन व डॉक्टर नीतू जैन ने पुरस्कार प्रदान किये गये। किरण झांझरी, सुनीता गंगवाल, मुन्नी ठोलिया आदि ने पिकनिक के लिए सभी को आभार प्रकट किया। ग्रुप की महिलाओं द्वारा जग्गा की बावड़ी स्थित जैन मंदिर में दर्शन एंव आरती कर श्रमण संस्कृति के प्रसार एवं रक्षा की मंगल कामना की गई।

# तुलना हमेशा देती दुःख, जो मिला हुआ उसमें सुखी रहेः दर्शनप्रभाजी म.सा.

## संत-साध्वियों को संभालना भी गृहस्थ का उत्तरदायित्वः चेतनाश्रीजी म.सा.

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। धर्म का आलंबन लिए बिना जीवन की गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती। जिनवाणी सुनने से आत्मकल्याण होने के साथ कर्मो की निर्जरा भी होती है। इसलिए हमारा प्रयास रहे प्रतिदिन जिनवाणी अवश्य श्रवण करना है। ये विचार भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित रूप रजत विहार में रविवार को मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने जैन रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भी वाचन किया। धर्मसभा में आगम मर्मज्ञा डॉ. चेतनाश्रीजी म.सा. ने कहा कि माला फेरते समय दिशा महत्वपूर्ण होती है। भोजन बनाते समय एवं खाना खाते समय पूर्व दिशा रहे इसका प्रयास करें। दिशा का ध्यान रखने पर जीवन में कई बिगड़ते काम भी बन जाते है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ को श्रावक-श्राविका के रूप में तो अपनी भूमिका निभानी ही है साथ ही संत-साध्वियों को संभालना भी उसका



उत्तरदायित्व होता है। धर्मसभा में मधुर व्याख्यानी दर्शनप्रभाजी म.सा. ने कहा कि सुखी रहना मन की अवस्था पर निर्भर है। जो प्राप्त है उसे पर्याप्त माने। हमेशा तुलना असंतुष्टि का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि सुख मन की अवस्था पर निर्भर करता है। संसार का वैभव कभी हमे सुखी नहीं बना सकता है। बाहर के साधना दुःख का कारण होते है। परिस्थिति अनुकूल या प्रतिकूल कैसी भी हो यदि मनस्थिति सही है तो कोई भी परिस्थिति हमे विचलित नहीं कर सकती है। इसलिए हमेशा हमारा प्रयास रहे कि हमारी मनोस्थिति अनुकूल रहे।

धर्मसभा में तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा., आदर्श सेवाभावी दीप्तिप्रभाजी म.सा.,नवदीक्षिता हिरलप्रभाजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत श्री अरिहन्त विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सुकलेचा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। धर्मसभा में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रावक-श्राविका बड़ी संख्या में मौजूद थे। धर्मसभा का संचालन युवक मण्डल के मंत्री गौरव तातेड़ ने किया। चातुर्मासिक नियमित प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.45 बजे से 10 बजे तक हो रहे है।

## बच्चों ने की दया तप की आराधना

चातुर्मास के तहत रविवार को बच्चों के लिए दया तप की आराधना का आयोजन किया गया। इसमें 5 से 20 वर्ष तक की उम्र के कई बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। दया तप के दौरान बच्चों ने सात-सात सामायिक की धर्म आराधना की। बच्चों के लिए दया तप से जुड़ी व्यवस्था श्री अरिहन्त विकास समिति द्वारा की गई। रविवार को ही सुबह 8 से 8.30 बजे तक युवाओं की कक्षा का आयोजन किया गया। इसमें तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा. ने धर्मज्ञान प्रदान करने के साथ युवाओं के मन की जिज्ञासाओं का समाधान किया। दोपहर 3 से 4 बजे तक प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

# जीवन धर्म का मर्म समझो गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ का चातुर्मास श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी तह. निवाई जिला टोंक (राज.) में चल रहा है। निवाई, जयपुर, चाकसू आदि स्थानों के सदस्य पूज्य गुरु माँ के सान्निध्य में अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। पूज्य माताजी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि- जब तक हमारे जीवन में धर्म का मर्म नही आया तब तक हमारा जन्म हुआ ही नहीं। मानव जीवन की सार्थकता धर्म करने से ही है। आज के समय में किसी के पास धर्म करने का समय नही है सभी व्यापार आदि करके पैसा कमाने में व्यस्त है। समय सभी को 24 घंटे का ही मिलता है इसी में हमें अपना कल्याण करना है। आगामी 2 अगस्त को सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में पूज्य गुरु मां की स्वर्ण जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 51 मंडलीय शांतिनाथ विधान का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सभी यात्रियों की सेवार्थ भोजनशाला का उद्घाटन होगा। आप सभी कार्यक्रम में पधारकर पुण्यार्जन करें।




# अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथयात्रा का कामां में हुआ नगर भ्रमण

## जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा। जैन धर्म के नारों से वातावरण हुआ गुंजायमान

**कामा. भरतपुर**

वर्तमान में जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी मां ज्ञानमती माताजी ने तीर्थों के विकास का बीड़ा उठाया है जिसमें जंबूद्वीप हस्तिनापुर, मांगी तुंगी सिद्धक्षेत्र में 108 फुट खडगासन ऋषभदेव भगवान की स्थापना के साथ अब जैन धर्म के पांच तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव, अजीतनाथ अभिनंदन नाथ,सुमतिनाथ अनंतनाथ भगवान की जन्म भूमि अयोध्या के विकास के लिए कटिबद्ध है विकास की श्रृंखला में संपूर्ण भारतवर्ष में तीर्थ प्रभावना रथ का प्रवर्तन हो रहा है उक्त उद्गार कामां के कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा में सत्येंद्र शास्त्री हस्तिनापुर ने व्यक्त किए। जैन समाज कामा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन ने बताया कि अयोध्या से पधारे तीर्थ प्रभावना रथ यात्रा का शुभारंभ लाल दरवाजे से हुआ तो समापन पंचायत समिति परिसर में हुआ। रथयात्रा से पूर्व मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ सुरेश चन्द पदमचंद कैलाश चन्द जैन अगोनिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र इन्द्राणी रिंकेश जैन रिंकू दीपा जैन बड़जात्या,कुबेर इंद्र इंद्राणी राजेन्द्र जैन संगीता जैन लहसरिया परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ तो प्रथम आरती पदम चन्द पदमा जैन अगोनिया,पालना झुलाई संजय जैन शशि जैन बोलखेड़िया परिवार द्वारा की गई। रथ के ध्वज वाहक भागचंद जैन सुशील जैन खुश जैन बड़जात्या व इंद्राणी शिवा जैन धर्मपत्नी कुशल जैन अगोनिया बनी। सभा का संचालन युवा परिषद के प्रदेश संयुक्त महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने करते हुए कहा कि अयोध्या जैन धर्म के चौबीस में से पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि है जिसके विकास का संकल्प ज्ञानमती माताजी ने लिया है। इस अवसर पर अजित जैन शास्त्री,राजकुमार जैन मैनेजर अयोध्या सहित पात्रों का सम्मान जैन समाज व युवा परिषद के पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। जैन धर्म के नारों से वातावरण हुआ गुंजायमान युवा परिषद के अध्यक्ष मयंक जैन ने बताया कि रथयात्रा के दौरान युवाओं ने भगवान ऋषभदेव व जैन धर्म के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया तो वहीं महिलाएं भी पीछे नहीं रही। इस अवसर पर धर्म जागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय सर्राफ ने भी अपने विचार व्यक्त किये। रथयात्रा में युवा परिषद, धर्म जागृति संस्थान,जैन मित्र मंडल, ज्ञान विजया महिला मंडल, चंद्रप्रभु महिला मंडल, अखिल भारतीय महिला परिषद के सदस्य व पदाधिकारी गण सहित जैन समाज के नर नारी व बच्चे बड़ी मात्रा में उपस्थित रहे।




# विश्व जैन संगठन ने भोजन वितरण किया




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

**इंदौर।** विश्व जैन संगठन इंदौर ट हॉस्पिटल पर ''सेवा भाव कर्तव्य हमारा'' संस्था के साथ जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य स्आंनद किया। विश्व जैन संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि संगठन के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आज इस अराजकता के माहौल में भगवान महावीर के बताए सिद्धांत ही सामायिक है। संपूर्ण विश्व को पुनः भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाना। राजेश जैन दद्दू ने विश्व जैन संगठन के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण वर्ष में भारत वर्ष को अहिंसा राष्ट्र घोषित किया जाए और भगवान महावीर स्वामी के सिध्दांत जियो और जीने दो का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए आज इस पुनीत कार्य में अध्यक्ष मयंक जैन, राहुल जैन पॉजिटिव,पारस जैन, मनीष चौधरी, मुकेश जैन, संजय जैन, शैलेंद्र सोगानी, मनीष जैन, अशोक सामरिया, मयूर जैन, आशीष जैन ,आकाश जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोधमति माताजी के पावन सानिध्य में

# जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा की गई पूजा-अर्चना



**फागी. शाबाश इंडिया**

फागी कस्बे के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोधमति माताजी वषार्कालीन पावन चातुर्मास 2023 में धर्म की भव्य प्रवाहना बढा रही है, जैन महासभा के प्रतिनिधि राजा बाबू गोधा ने अवगत कराया कि इसी कड़ी में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा आज प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, एवं अष्टद्रव्यों से पूजा की गई, पूजा में करीब 51 बच्चों ने पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन प्राप्त किया,कार्यक्रम में पाठशाला की शिक्षिकाऐं अंजु मोदी एवं नीरू बजाज ने बताया कि पूजा के दौरान जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों के द्वारा भगवान आदिनाथ भगवान महावीर स्वामी, पार्श्वनाथ भगवान,चंद्रप्रभु भगवान, मुनिसुव्रतनाथ भगवान, तथा नवदेवताओं सहित विभिन्न तीर्थंकरों की पूजा अर्चना करवायी गयी।कार्यक्रम में समाजसेवी सोहन लाल झंडा, कैलाश कलवाड़ा, अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, शिखर मोदी जैन महासभा के राजाबाबू गोधा, विनोद कलवाड़ा, सुरेंद्र बावड़ी, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल कठमाना, विमल कलवाड़ा, कमलेश चौधरी, मितेश लदाना, बंटी पहाड़िया, तथा त्रिलोक जैन पीपलू सहित काफी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# नि :शुल्क हड्डी जांच शिविर में 68 लाभान्वित



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से दशम निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विषेज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) द्वारा आयोजित किया गया। वीर अजित पहाड़ियां सचिव ने बताया कि शिविर प्रातः 10:00 बजे से 3.30 बजे तक अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर, राजकीय चिकित्सालय के पास में आयोजित किये गये। शिविर संयोजक तेजकुमार बड़जात्या रतनलाल मेधवाल सुरेश जैन ने बताया कि हड्डी रोग शिविर में 68 रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में 25 एक्सरे, खुन संबंधी 43 मरीजों जाँचे निःशुल्क की गई।शिविर प्रभारी नरेश जैन ने बताया कि सुभाष पहाड़ियां कैलास चन्द जैन, रामावतार गोयल, अशोक अजमेरा, नंदकिशोरजी टेलर, सुनील पाटनी, सम्पत बगड़िया, संदीप पान्डया, गिरधारी दिक्षीत, महेश

# गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 51वां अवतरण महोत्सव, 2 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा

## 51 मण्डलीय शांतिनाथ मण्डल अनुष्ठान पर होगी महाअर्चना

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई।प.पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी के 51 वें जन्म जंयती अवतरण महोत्सव पर सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान के पादमूल में 51 मंडलीय शान्तिनाथ महामण्डल विधान 2 अगस्त 2023 बुधवार को अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रिद्धि - सिद्धि - बुद्धि प्रदायक, रोग- शोक -भय - बाधा निवारण,गृह - क्लेश निवारण, कर्ज निवारक,भूत - प्रेतादि बाधा निवारक, सुख - शांति - समृद्धि प्रदायक, मनवांछित फलदायक श्री 1008 शांतिनाथ मण्डल विधान संगीत के सुबह 8.30 बजे से विधान अनुष्ठान की शुरूआत होगी। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम में विज्ञा तीर्थ जिनालय में विराजमान भगवान शांतिनाथ एवं सभी जिन प्रतिमाओं का विश्व में शांति की कामना हेतु क्षीरसागर के जल से विशेष शांतिधारा करके श्रद्धालुओं द्वारा पंचामृत अभिषेक किया जाएगा।जौंला ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर भारत गौरव आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 51 वां अवतरण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें गणाचार्य विराग सागर महाराज के चित्र का लोकार्पण के साथ दीप प्रज्वलित किया जाएगा।इसके बाद पादप्रक्षालन शास्त्र भेंट एवं श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक पूजन सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जौंला ने बताया कि इस विधान में बैठने वालों की संपूर्ण व्यवस्था समिति की ओर से दी जायेगी एवं विधान में बैठने वालों की भोजन की एवं आवास की संपूर्ण व्यवस्था की गई है इस अनुष्ठान में जोड़े में दो महिलाएं या दो पुरुष भी बैठ सकते है। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक आरती एवं गुरु भक्ति के साथ भजन कीर्तन भी किया जाएगा।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com